# फरवरी के पहले सप्ताह में 10.3 फीसदी बढ़ा निर्यात

## सुधार...इंजीनियरिंग-रसायन क्षेत्र ने दिखाया दम

**नई दिल्ली।** निर्यात के मोर्चे पर जनवरी में तेजी के बाद फरवरी में भी बड़े उछाल की उम्मीद है। निर्यात से जुड़े एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि फरवरी के पहले सप्ताह में निर्यात 10.3% और आयात 0.7% बढ़ा है।

अधिकारी के मुताबिक, 1-8 फरवरी तक कुल 68.3 करोड़ डॉलर का निर्यात हुआ। इंजीनियरिंग और रसायन उत्पादों के दमदार प्रदर्शन से निर्यात में इतनी तेजी दिखी है। इस दौरान 7.25 करोड़ डॉलर का आयात भी हुआ, जिससे व्यापार घाटा 19.4 फीसदी यानी 6.10 करोड़ डॉलर रह गया। कार्बनिक व अकार्बनिक रसायनों के अलावा इंजीनियरिंग उत्पादों के निर्यात में भी तेज उछाल आया, लेकिन मांस, डेयरी व पॉल्ट्री उत्पाद, ऑयल मील्स व फल-सब्जियों के निर्यात में गिरावट रही। इस दौरान सोने का आयात 70.7 फीसदी बढ़कर 39.1 करोड़ डॉलर रहा, जबकि पेट्रोलियम उत्पादों का आयात 29.5 फीसदी गिरकर 95.17 करोड़ डॉलर का रहा। एजेंसी



### बजट के सख्त प्रावधानों का निर्यात पर असर होगा : फियो

निर्यात संगठन फियो के अध्यक्ष शरद कुमार सराफ ने वित्तमंत्री से गुहार लगाई है कि बजट में निर्यातकों के खिलाफ सख्त प्रावधान का बुरा असर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि धारा 113 में बदलाव का प्रस्ताव दिया है। इसके तहत किसी उत्पाद पर रिफंड के लिए दावा गलत पाया गया तो उसे जब्त कर लिया जाएगा। रिफंड का लाभ उत्पाद के मूल्य का 2% रहता है, इतनी राशि के लिए पूरा उत्पाद जब्त होना मुश्किलें बढ़ा देगा।